## राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.3 (ई)एम–945/2013/अलेसे–II/लिंक नं. 13227/457 दिनांक :– 19.09.25

# कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 173/2024–25, दिनांक 30.09.2024 द्वारा श्री मांगीलाल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II (लिंक न0–13227) का स्थानान्तरण राजकीय महाविद्यालय (उच्च), साहवा, चूरू में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध किया गया था, जिसकी पालना में श्री मांगीलाल द्वारा दिनांक 01.10.2024 को मध्यान्ह पूर्व कार्यग्रहण किया गया। प्राचार्य, श्रीमती मोहनी देवी चाचान राजकीय महाविद्यालय, साहवा जिला चूरू के पत्र क्रमांक 239 दिनांक 16.12.2024 द्वारा सूचित किया गया कि ''महाविद्यालय राजसेस सोसाइटी के अधीन संचालित है और महाविद्यालय के प्राचार्य के पास डी.डी.ओ. पावर नहीं है।'' जिसके क्रम में निदेशालय के आदेश क्रमांक 1942 दिनांक 03.01.2025 के द्वारा श्री मांगीलाल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का वेतन दिनांक 01.10.2024 से अग्रिम आदेशों तक कार्यालय कोषाधिकारी, कोषालय चूरू में कनिष्ठ लेखाकार के रिक्त पद के विरूद्ध आहरित करने की एतदद्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी थी। कोषाधिकारी चूरू ने पत्रांक 147 दिनांक 30.04.2025 द्वारा सूचित किया है कि निदेशालय कोष एवं लेखा जयपुर द्वारा इस कार्यालय में कनिष्ठ लेखाकार का पदस्थापन हो जाने के कारण दिनांक 01.04.2025 से श्री मांगीलाल का वेतन आहरण नहीं किया जा सकता है। अतः श्रीमती मोहनी देवी, चाचान राजकीय महाविद्यालय, साहवा जिला चूरू के पत्र क्रमांक 36 दिनांक 12.08.2025 के क्रम में श्री मांगीलाल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का दिनांक 01.04.2025 से अग्रिम आदेशों तक का वेतन पंचायत समिति, तारानगर, जिला चूरू में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध आहरित करने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

(बृजेश किशोर शर्मा)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.3 (ई)एम–945/2013/अलेसे–II/लिंक नं. 13227/457 दिनांक :– 19.09.25

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्राचार्य, श्रीमती मोहनी देवी चाचान, राजकीय महाविद्यालय (उच्च), साहवा, जिला चूरू।
2. कोषाधिकारी, कोषालय, चूरू।
3. विकास अधिकारी पंचायत समिति, तारानगर, जिला चूरू को प्रेषित कर लेख है कि श्री मांगीलाल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का दिनांक 01.04.2025 से अग्रिम आदेशों तक का वेतन विगत भुगतान प्रमाण–पत्र (एलपीसी) के आधार पर सहायक लेखाकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध नियमानुसार आहरित करावें।
4. श्री मांगीलाल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, श्रीमती मोहनी देवी चाचान, राजकीय महाविद्यालय (उच्च), साहवा, जिला चूरू।
5. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6. उप निदेशक (एसीपी), कार्यालय हाजा।
7. पदस्थापन सीट/निजि/रक्षित पत्रावली।

(सीमा कौशल)
संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II/III)

D:\NEHA\SAS-II\JITENDRA JI SHERSIYA\ORDER.DOCX :- 3